दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### ट्रैक्टर की टक्कर से वृद्ध की गई जान, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पत्नी के साथ बाजार से खरीदारी कर पैदल घर लौट रहे वृद्ध को ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम करदना कोरकोट ढ़ाप निवासी श्रीराम आ. रतिया कोरवा (80 वर्ष) गुरुवार को पत्नी पतनी के साथ बतौली बाजार खरीदारी करने आया था। बाजार से दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम करदना बुढा आमा घोपी घाट के समीप पहुंचे तभी ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में वृद्ध मौके पर ही अचेत हो गया। परिजन घायल को घर लेकर आए जहां कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई। इधर एक्सीडेंट कर भाग रहे चालक ने लगरू चौक समीप साइकिल सवार रूपेश पैकरा, जनेश यादव, मनेश यादव, राज, रामकेश्वर को सामने से तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेन्ट कर दिया जिससे सभी घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरूद्ध धारा 106(1), 125(ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

**अम्बिकापुर।** गुदरी बाजार में हार जीत का दांव लगा रहे चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने चारों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र में गश्त कर रहे पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि गुदरी बाजार में कुछ लोग हार जीत का दाव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे रनपुर खुर्द के सूरज कुमार रवि आ. रामजीवन (24 वर्ष), मेराल अंतर्गत बरवाही निवासी आरिफ अंसारी आ. इसराइल अंसारी (25 वर्ष), अहरी निवासी प्रदीप गुप्ता आ. शिवकुमार साहू (27 वर्ष) व घुटरा पारा निवासी इसराईल पेंटर आ ताहिर अंसारी (35 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 52 पत्ती सहित कुल 2400 रूपए जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्कूल को दिया वाटर कूलर और बच्चों को चरण पादुका

**मानीचौक।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के एमडीओ मोड में संचालित केतकी खदान का अनुबंधित कंपनी एसकेएमपीएल द्वारा ग्राम पंचायत लाछा के प्राथमिक व माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों के लिए जूता, मोजा व स्वच्छ पेय जल हेतु वाटर कूलर प्रदान किया है । एसकेएमपीएल ने खदान के प्रभावित पंचायत व शासकीय स्कूल के शिक्षण व्यवस्था में रेन वाटर, शौचालय निर्माण, प्याऊ सुविधा का सहयोग प्रदान करते आ रहे है। नागपुर से अतिथि के रूप में सलोनी व अर्पिता उतरवार की मौजूदगी में सीएसआर मद से स्कूली बच्चों के लिए जूता मोजा व प्याऊ सुविधा हेतु वाटर कूलर प्रदान किया। बच्चों की पाठशाला लगाकर सलोनी व अर्पिता ने भविष्य में शिक्षा के महत्व को बताया। एसकेएमपीएल के जीएम धीरज वी शेवाले ने अच्छी हुनर दिखाने वाले बच्चों को नगदी राशि देकर सम्मानित किया और कहा कि सभी बच्चे समय पर स्कूल आए और डिसिप्लिन में आए ताकि पढ़ाई में मन ठीक से लगे रहे।

### सरगना और मेडिकल दुकान संचालक गिरफ्तार

**वाड्रफनगर।** नशीला कफ सिरप की तस्करी के मामले में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए अब सप्लायर और सरगना को गिरफ्तार किया है। सरगना ने पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपियों को महज 1-1 हजार रुपए देकर कफ सिरप लेने के लिए झारखंड भेजा था। पुलिस ने इस मामले में झारखंड के दवा दुकान संचालक को भी पकड़ा है।

पत्थलगांव क्षेत्र में कृषि निवेश और शेयर मार्केट के नाम पर खेला गया बड़ा खेल

# करोड़ों रुपयों की ठगी का पर्दाफाश दो गिरफ्तार, लोगों से उड़ाए 6 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस ने एक बार फिर सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए करोड़ों रुपये की ठगी का बड़ा मामला उजागर किया है। ठगों ने पत्थलगांव और आसपास के ग्रामीणों को झांसे में लेकर कृषि प्रोडक्ट व शेयर ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों में हरिशरण देवांगन उम्र 52 वर्ष, निवासी जैजैपुर जिला शक्ति और संतोष कुमार साहू उम्र 46 वर्ष, निवासी मुदुपर जिला जांजगीर-चांपा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में पुलिस ने धारा 420, 120(बी) और 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

■ जांजगीर-सक्ती से पकड़े गए दोनों आरोपी

जानकारी के मुताबिक, पत्थलगांव निवासी जागेश्वर लाल यादव 43 वर्ष ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वर्ष 2023 में होटल मान्या में उसके परिचित के माध्यम से संतोष कुमार साव नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई थी। संतोष ने बताया कि वह सी बुल्स ग्लोबल सॉल्यूशन नामक कंपनी में कार्यरत है, जो कृषि प्रोडक्ट्स के प्लांट में निवेश पर भारी मुनाफा देती है। शुरुआत में निवेश पर प्रतिमाह ब्याज भी दिया गया, जिससे ग्रामीणों का भरोसा बढ़ गया। परंतु कुछ माह बाद भुगतान बंद हो गया। जब निवेशकों ने पूछताछ की तो उन्हें कंपनी के एमडी मोहम्मद सिराज आलम से मिलवाया गया, जिसने उन्हें फिर से गुमराह करते हुए कहा कि कंपनी एग्रीकल्चर बेस नहीं बल्कि ट्रेडिंग कंपनी है, जो सेबी में रजिस्टर्ड है और शेयर मार्केट में कार्यरत है। इसी झांसे में ग्रामीणों ने भारी रकम लगा दी। जिसमें जागेश्वर लाल यादव 1.80 करोड़,लक्ष्मण केशवानी 95 लाख,भूषण पटेल 33 लाख,डॉ. पीताम्बर साय निराला 25 लाख, राजेश देवांगन 15 लाख इस प्रकार अन्य निवेशकों सहित कुल करीब 6 करोड़ रुपये की ठगी की गई।



#### और भी आरोपी शामिल, तलाश जारी

जांच में यह भी सामने आया है कि ठगी के इस नेटवर्क में अन्य लोग भी शामिल हैं, जिन्होंने ग्रामीणों के दस्तावेज लेकर उनके नाम पर फर्जी कंपनियों का रजिस्ट्रेशन कराया था। फिलहाल पुलिस ने सभी संदिग्धों की पहचान कर ली है और उनकी तलाश में दबिश जारी है।

#### निवेश से पहले जागरूक रहें नागरिक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि पत्थलगांव क्षेत्र में कृषि प्रोडक्ट और शेयर मार्केट ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।एवं आम जनता से अपील है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति या संस्था के लालच में न आएं, निवेश से पहले उसकी विश्वसनीयता अवश्य जांचें।

#### तीन गुना मुनाफे का झांसा

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी निवेशकों को प्रति दिन 1 प्रतिशत ब्याज का लालच देती थी यानी 10,000 निवेश पर 100 प्रतिदिन। इस योजना के अनुसार निवेशित रकम साल भर में तीन गुना से भी अधिक बताई जाती थी। शुरुआत में ठगों ने कुछ लोगों को ब्याज लौटाया, लेकिन वास्तव में यह रकम नए निवेशकों की जमा राशि से दी जा रही थी। जब नए निवेशक जुड़ना बंद हो गए, कंपनी ने वेबसाइट बंद कर दी, संपर्क नंबर बंद कर दिए और फरार हो गए।

#### त्वरित कार्रवाई में जुटी पुलिस टीम

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन पर एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश जायसवाल के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने ठगी के दोनों मुख्य आरोपियों हरिशरण देवांगन और संतोष कुमार साहू को क्रमशः शक्ति और जांजगीर-चांपा जिले से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों के परिजनों ने पुलिस टीम के साथ विरोध करने की कोशिश की, परंतु पुलिस ने धैर्य और समझदारी से स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।इस कार्रवाई में एसडीओपी पत्थलगांव धुर्वेश कुमार जायसवाल, थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत कुमार पांडे,उप निरीक्षक संतोष तिवारी, आरक्षक आशीषन टोप्पो, राजेंद्र रात्रे एवं कमलेश्वर वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## रंगोली से सजा संत जोसेफ स्कूल का प्रांगण



**कांसाबेल।** संत जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य सम्मानीय एडमोन बड़ा की अगुवाई में 18 अक्टूबर को संगीत एवं रंगोली की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

संगीत भारतीय प्राचीन सभ्यता का प्रतीक है भारतीय सभ्यता व संस्कृति कहीं बाहर से नहीं आई वरन यह उसकी अपनी ही संस्कृति है मनुष्य एक भावनाशील प्राणी है। अन्य प्राणियों की अपेक्षा भावों को प्रकट करने में अधिक सक्षम है। संगीत कला भारतीय संस्कृति की आत्मा है जो व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के साथ-साथ उसे प्रलौकिक तत्वों को समावेश करके व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का कारण बनती है। इसी पर आधारित विद्यालय में कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों में अपने ग्रुप के अनुसार संगीत में भाग लेकर प्रथम स्थान पर नीला ग्रुप द्वितीय स्थान पर पीला ग्रुप तृतीय स्थान पर लाल एवं चौथे नंबर पर हर ग्रुप रहा संगीत के साथ विद्यालय में रंगोली की प्रतियोगिता भी रखी गई यह प्रतियोगिता छात्रों के रचनात्मक, कलात्मक, अभिव्यक्ति और सौंदर्य बोध को प्रोत्साहन करने का एक शानदार मंच है छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सहयोग की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है यह पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का मिश्रण को प्रदर्शित करने का अवसर है जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी ग्रुप में रहकर कक्षा के अनुसार भाग लिए कक्षा 4 से पांचवी में रंगोली से दिया बनाकर उसकी सजावट करना रहा जिसमें प्रथम स्थान लाल ग्रुप द्वितीय स्थान हर ग्रुप तृतीय स्थान नीला ग्रुप रहा इसी प्रकार कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों को प्रदूषण रहित दिवाली ⏭ शेष पेज 4 पर

## विज्ञान प्रदर्शनी मेला में बासनताला स्कूल को मिला प्रथम स्थान

**जशपुरनगर।** शुक्रवार को जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मध्य विद्यालय जशपुर में किया गया, जहां जिले भर के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी वन संरक्षण,जल संरक्षण,पर्यावरण संरक्षण सहित विभिन्न विषयों पर मॉडल तैयार कर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मेला में अपने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किए,वहीं शा.उच्च.मा.वि.बासनताला के विद्यार्थियों द्वारा ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर का बेहतरीन एवं आकर्षक मॉडल बनाया गया था।

■ विद्यालय में बच्चों को किया गया सम्मानित



इस मॉडल के दो भाग थे एक भाग में गर्म पानी तथा दूसरे भाग में ठंडा पानी था।मॉडल में लगे नल के नीचे गिलास ले जाने पर पानी उस गिलास में गिरने लगता था तथा गिलास हटाने पर पानी गिरना स्वयं बंद हो जाता था। बनाए गए इस मॉडल के माध्यम से जल संरक्षण को प्रदर्शित किया गया,जहां इस मॉडल को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ऑटोमेटिक वॉटर डिस्पेंसर मॉडल की सबसे बड़ी खुबी यह थी कि,विज्ञान विषय के विद्यार्थी सपना बाई,सहला निगार,दिव्या रोश खाखा,चंद्रिका बाई, संगीता बाई सहित सबसे बड़ी भूमिका कला समूह के छात्र अमित राम की थी,जिसने साबित कर दिया कि, कला विषय के कलाकारों में कला की कमी नहीं होती है। मिली कामयाबी से सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित पूरे विद्यालय परिवार में खुशियों की लहर छाई है,वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बासनताला द्वारा कामयाबी हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों सहित मॉडल के लिए मार्गदर्शन करने वाली विज्ञान समूह की व्याख्याता दीपा खलखो, विनीता मिंज एवं स्वच्छता पखवाड़ा में निबंध, भाषण, चित्रकला, रंगोली तथा क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### न्यायालय ने लगाया 1 लाख रुपए का जुर्माना

**सूरजपुर।** जिले में एक वाहन मालिक को वाहन में गैर-कानूनी मोडिफिकेशन के कारण 1 लाख का जुर्माना भरना पड़ा। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस यातायात नियमों के उल्लघंन पर सख्ती बरत रही है। इसी कड़ी में 12 अक्टूबर को थाना चंदौरा पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 53 जेटी 0542 में कंपनी द्वारा निर्धारित ट्राला को बिना आरटीओ अनुमति के निर्माण कराकर बढ़ाने वाले वाहन स्वामी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए धारा 182(क)(1) एमव्ही एक्ट का इस्तगाशा न्यायालय प्रतापपुर में पेश किया। इस मामले में न्यायालय द्वारा पिकअप वाहन पर 1 लाख रूपये का जुर्माना किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी चंदौरा मनोज सिंह, एएसआई नील कुसुम बेक व अन्य स्टाफ सक्रिय रहे। पुलिस ने नागरिकों से कहा है कि सड़क दुर्घटना से बचाव के लिए यातायात नियमों का पालन करें।

## ग्रामीणों ने समस्या को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कांसाबेल।** प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा द्वारा कांसाबेल के मंगल भवन में एक दिवसीय जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांसाबेल ब्लाक पत्थलगांव ब्लाक के मुखिया साथी 75 की संख्या में 15 गांवों से भाग लिए थे। जशपुर जिले की प्रयोग समाज सेवी संस्था की समन्वयक अंबिका देवी ने कहा कि हम जनसंवाद कार्यक्रम ग्रामीणों की विभिन्न योजनाओं एवं समस्या को जैसे वनाधिकार कानून व्यवस्था आवासीय अधिकार रोड बढ़ोतरी बिजली बिल महिला अधिकार कानून पेंशन एवं अन्य मुद्दों को लेकर ग्रामीणों ने जनसंवाद कार्यक्रम कर रहे है आजतक हमें सही तरीके से अधिकार नहीं मिला है हम आदिवासी वंचित है इसलिए हम अपनी समशया को शासन तक पहुंचा रहे है और मुख्यमंत्री को 12सूतरीय मांग को लेकर तहसीलदार कांसाबेल को ज्ञापन सौंपेंगे इस



कार्यक्रम मे मुख्य रुप से प्रयोग समाज सेवी संस्था तिल्दा की कोषाध्यक्ष निर्मला कुजूर ने कहा कि आप लोगों को आपके जमीन का हक अवश्य मिलेगा आप लोग अपनी बातों को ग्राम सभा मे जाकर रखिए पेशा कानून जशपुर जिले मे लागू है नियम के तहत रहकर हमेशा से खेती करते आ रहे है तों मिलेगा शासन तक हमारी आवाज ज्ञापन संवाद मीडिया के माध्यम से पहुंचा रहे हैं इस कार्यक्रम मे सराईटोला के भूतपूर्व सरपंच धर्मदास केरकेट्टा डाडपानी पंचायत की सरपंच कमलेश्वरी पैकरा वार्डपंच कमेटी के सदस्य सोमरा कोरवा करलूस कुजूर हितमत सिदार लालसाय शोभनाथ नागवंशी चंदरसाय गोबिंद यादव संतोषी पैकरा बंसती पैकरा फूलबाई कमलाबाई शांति बाई शकतु राम तालिकराम सुखसाय कोरबा से इंद्रा यादव हेंवंती कुजूर रतन पैंकरा मनकुंवर अलविना फूलसिता शामिल रहे।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्राम कण्डोरा पहुंचे, आत्मीय स्वागत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान हेलीपैड, ग्राम कण्डोरा पहुंचे। इस अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया, कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, वनमण्डलाधिकारी शशि कुमार सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और रौतिया समाज के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। हेलीपैड पर पारंपरिक करमा नर्तक दलों ने उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया और मनमोहक करमा नृत्य करते हुए उन्हें भव्य स्वागत के साथ कार्यक्रम स्थल तक लेकर गए।



### दशहरा के लंबे अवकाश के बाद अनुपस्थित पाए गए शिक्षक, विभागीय नोटिस से बढ़ा विवाद

**रामानुजगंज।** दशहरा अवकाश के उपरांत 6 अक्टूबर को जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में कई शिक्षक और कर्मचारी बिना स्वीकृत अवकाश के अनुपस्थित पाए गए।

इस पर जिला शिक्षा अधिकारी मनीराम यादव द्वारा संबंधित प्रधान पाठकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। हालांकि इस कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शिक्षक संगठनों ने इस आदेश की आलोचना करते हुए सवाल उठाया है कि यदि निरीक्षण 6 अक्टूबर को हुआ था, तो नोटिस 15 अक्टूबर को क्यों जारी किया गया। साथ ही शासन द्वारा 18 अक्टूबर तक शिक्षकों को वेतन जारी करने के निर्देश पहले ही दिए जा चुके हैं, ऐसे में यह कार्रवाई गैरज़रूरी और अनुचित मानी जा रही है। सूत्रों के अनुसार जिलेभर में लगभग 250 से अधिक शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है। विभाग ने तर्क दिया है कि जिन शिक्षकों ने विभागीय पोर्टल पर अवकाश के लिए आवेदन नहीं किया और ऑफलाइन अवकाश लिया।

## महाकुल समाज सेवा समिति की बैठक



**कांसाबेल।** महाकुल समाज सेवा समिति कांसाबेल की विकासखंड स्तरीय एक महत्वपूर्ण सामाजिक बैठक ग्राम गरियादोहर में रविवार को संपन्न हुई।बैठक का शुभारंभ श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना करते हुए द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

इस बैठक में समाज के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और एकता को मजबूत करने पर विशेष चर्चा की गई।बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लॉक स्तरीय संगठन का गठन एवं पदाधिकारियों का चयन करना था। सर्वसम्मति से हुए इस चयन में समाज के सभी प्रतिनिधियों और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए रतन प्रसाद यादव ग्राम गरियादोहर एवं सचिव पद के लिए पूनम चंद्र यादव ग्राम चिड़ौरा को निर्विरोध रूप से चुना गया।चयन प्रक्रिया के बाद जिला अध्यक्ष श्री अशोक कुमार यादव ने नव नियुक्त अध्यक्ष एवं सचिव को प्रमाण पत्र देकर बधाई देते हुए उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की एकता, शिक्षा, और युवा सशक्तिकरण ही प्रगति का आधार है। उन्होंने समाज के युवाओं से संगठित होकर समाज सेवा और जनहित के कार्यों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष गोवर्धन यादव, जिला अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप यादव, नंदलाल यादव, कैलाश यादव, लीलाधर यादव, गणेश यादव, बालेश्वर यादव, चिंतामणि यादव, सरोज यादव, चूड़ामणि यादव, सदाशिव यादव, निराकार यादव, जयंत यादव, शत्रुध्न यादव, चंद्रकुमार यादव, गोविंद यादव, भूपेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, नवीन यादव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे।

■ अध्यक्ष रतन प्रसाद यादव एवं सचिव पूनम चंद्र यादव निर्विरोध निर्वाचित

पिकअप में लोड किया जा रहा था सोफा सेट

# लुंड्रा विधायक के शासकीय आवास से दिनदहाड़े चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए है कि वे अब दिनदहाड़े विधायक निवास में भी चोरी करने से नहीं चूक रहे है। चोरों ने लुंड्रा विधायक के शासकीय आवास से चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर दिन के समय बेखौफ होकर मकान का ताला तोड़कर घर में रखे सोफा सेट को पिकअप में लोड कर रहे थे। इस दौरान जब आस पास मौजूद लोगों ने पूछताछ की तो चोर भाग निकले जबकि पिकअप चालक को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पिकअप किराए पर थी। चोरी के आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के गांधी चौक स्थित शासकीय आवास के सामने शनिवार की सुबह लगभग 10.30 से 11 बजे के बीच दो संदिग्ध लोग पिकअप वाहन लगाकर सोफा सेट लोड कर रहे थे। इस दौरान एक व्यक्ति ने संदिग्ध गतिविधि को देखकर जब पूछताछ की तो पिकअप में सोफा सेट लोड कर रहे लोगों ने खा कि सामान को शिफ्ट करने को कहा गया है लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं होने पर पूछताछ की तो वे भाग निकले। इस दौरान लोगों ने पिकअप चालक को पकड़कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप वाहन और सोफा को जब्त कर लिया है। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपियों ने विधायक के सूने मकान का ताला तोड़कर सोफा की चोरी की थी। इस चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। बड़ी बात यह है कि विधायक निवास के समीप ही संभागायुक्त का बंगला है जबकि कुछ ही दूरी पर एएसपी व कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का शासकीय आवास है। ऐसे में इस तरह चोरी की वारदात को अंजाम देना पुलिस को खुली चुनौती है। इस घटना से पुलिस की कार्य प्रणाली वालों के घेरे में आ गई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन हिरासत में लिए गए पिकअप चालक का कहना है कि उसे पिकअप किराए पर लिया गया था और उसे कहा गया था कि विधायक निवास से सामान लोड़कर दूसरी जगह पहुंचाना है।





# शाहरुख को खास सम्मान, दिखाई जाएंगी उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्में

**मुंबई।** शाहरुख खान 2 नवंबर को अपना 60वां जन्मदिन मनाने वाले हैं। एक ओर जहां प्रशंसक अभी से उनके जन्मदिन की तैयारियों में जुट गए हैं, वहीं इस मौके को और खास या कहें यादगार बनाने के लिए पीवीआर इनोक्स ने भी पूरा इंतजाम कर लिया है। मतलब ये कि इस बार शाहरुख के जन्मदिन पर जश्न और भी बड़ा होने वाला है। एक खास फिल्म फेस्टिवल के जरिए उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। शाहरुख के जन्मदिन से पहले एक खास फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हो रही है, जो 13 अक्टूबर, 2025 से शुरू होगा और 2 हफ्तों तक चलेगा। इसमें 30 से ज्यादा शहरों और 75 से ज्यादा सिनेमाघरों में शाहरुख की अब तक की बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को दोबारा बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

लाइफ Style



# सोनाक्षी

## 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है।

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'जटाधरा' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इस फिल्म का टीजर जारी किया था। अब 16 अक्टूबर को 'जटाधरा' का नया मोशन पोस्टर जारी कर दिया गया है। इसी के साथ ट्रेलर की रिलीज तारीख का खुलासा भी हो गया है। बता दें कि 'जटाधरा' एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म को वेंकट कल्याण और अभिषेक जायसवाल ने मिलकर निर्देशित किया है।

***इस दिन रिलीज होगा 'जटाधरा' का ट्रेलर :*** फिल्म 'जटाधरा' का मोशन पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'जटाधारा की शक्ति प्रकट होगी। दिव्यता के लिए तैयार हो जाइए। जटाधारा का ट्रेलर, 17 अक्टूबर को रिलीज हुआ। पोस्टर में सोनाक्षी ने फिर अपने रौद्र अवतार से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है।

वहीं, सुधीर बाबू गले में रुद्राक्ष की माला और माथे पर तिलक लगाए हुए, हाथ में त्रिशूल लेकर खड़े हैं। बता दें कि 'जटाधरा' 7 नवंबर, 2025 को तेलुगु और हिंदी भाषा में रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# पूर्व पीएम ट्रूडो को कर रहीं डेट

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका की मशहूर गायिका कैटी पेरी अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा लोगों का ध्यान खींचती रहती हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ जुड़ रहा था। इन खबरों को और हवा तब मिली, जब दोनों की यॉट पर किस करते हुए एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अब लंदन में अपने 'लाइफटाइम टूर' के दौरान कैटी ने संकेत दे दिया है कि वह ट्रूडो के प्यार में गिरफ्तार हैं। 'लाइफटाइम टूर' का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रॉस डफर ने सीरीज की रिलीज से पहले दे डाला बड़ा अपडेट...

**लॉस एंजिल्स।** नेटफ्लिक्स की ओरिजिनल वेब सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं, जिन्हें दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। पांचवें सीजन का इंतजार हर किसी को बेसब्री से है। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' का टीजर जारी किया था। साथ में एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ, जिसमें दावा किया गया कि सीजन 5 के शुरुआती एपिसोड्स की अवधि 2-3 घंटे के बराबर होगी। अब निर्माता रॉस डफर ने अवधि पर बड़ा अपडेट दिया है। निर्माता डफर ब्रदर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट जारी करते हुए 'स्ट्रेंजर थिंग्स सीजन 5' के शुरुआती 4 एपिसोड्स की अवधि का खुलासा किया है। इसमें पहला एपिसोड (द क्रॉल)- 1 घंटा 8 मिनट, दूसरा एपिसोड (द वैनिशिंग)- 54 मिनट, तीसरा एपिसोड (द टर्नबो ट्रैप)- 1 घंटा 6 मिनट और चौथा एपिसोड (जादूगर)- 1 घंटा 23 मिनट का होगा।



# होंगी मेटा एआई की नई आवाज...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण को हाल ही में भारत की पहली 'मेंटल हेल्थ एंबेसडर' नियुक्त किया गया था। अब अभिनेत्री मेटा एआई की नई आवाज बन गई हैं। दीपिका ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए इस बात की जानकारी अपने प्रशंसकों तक पहुंचाई है। साथ ही बताया कि उनकी आवाज अब 6 देशों में सुनाई देगी। अभिनेत्री की इस उपलब्धि से उनके चाहने वाले भी गदगद हो गए हैं। दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम पर रिकॉर्डिंग वीडियो साझा किया है। इसमें वह कहती हैं, 'मैं मेटा एआई की नई आवाज हूं। क्या आप तैयार हैं?' वीडियो के साथ अभिनेत्री ने कैप्शन दिया, 'ये सच में बहुत मजेदार है! अब मैं मेटा एआई का हिस्सा हूं और आप भारत, अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में मेरी आवाज में इंग्लिश में चैट कर सकते हैं।




# 'बाहुबली: ए एपिक की' हुई धमाकेदार कमाई

**मुंबई।** एसएस राजामौली की निर्देशित आगामी तेलुगु एक्शन फिल्म 'बाहुबली: द एपिक' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार हो रहा है।प्रभास की 'बाहुबली: द बिगिनिंग' (2015) और 'बाहुबली 2: द कन्क्लूजन' को मिलाकर इस का निर्माण किया गया है। 'बाहुबली: द एपिक' 31 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हो रही है, इसलिए मेकर्स ने एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। दिलचस्प बात ये है कि शुरुआती कुछ घंटों में ही इस फिल्म ने अमेरिका के बाजारों में धमाकेदार शुरुआत की है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बाहुबली: द एपिक' ने अमेरिका के बाजार में 100 से ज्यादा शोज के लिए 30,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री कर ली है। इस तरह फिल्म ने रिलीज से पहले ही 53 लाख रुपये से ज्यादा का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला



# 'बिग बॉस 19': परिवार की चिट्ठी ने नम की घरवालों की आंखें

मुंबई। 'बिग बॉस 19' अपने फिनाले की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 24 अगस्त से शुरू हुए इस शो ने देखते-देखते आधा सीजन पार कर लिया है। 8वें हफ्ते में 'बिग बॉस' ने घरवालों को एक खास तोहफा दिया है। दिवाली के खास मौके पर सभी प्रतियोगियों के परिवार की ओर से चिट्ठियां आई हैं, जिन्हें पढ़ने के बाद सभी घरवालों की आंखें नम हो गईं। आगामी एपिसोड के प्रोमो में प्रणित मोरे और मृदुल तिवारी फूट-फूटकर रोते दिखे हैं।

***कबूतर लाया घरवालों का संदेश :*** मेकर्स ने आने वाले एपिसोड का प्रोमो जारी किया है, जिसकी शुरुआत हिट गाने 'चिट्ठी आई है' से होती है। सभी प्रतियोगी गार्डन एरिया में खड़े होते हैं, तभी बिग बॉस उन्हें बताते हैं कि उनके परिवार वालों ने उन्हें खत भेजा है। तभी एक कबूतर आता है, और गार्डन में सभी प्रतियोगियों के नाम की चिट्ठी गिरनी शुरू हो जाती है। सभी प्रतियोगी दौड़कर उन चिट्ठियों को उठाते हैं, और उसे एक-दूसरे के सामने पढ़ना शुरू कर देते हैं।

*प्रणित और मृदुल की आंखें हुईं नम :* प्रतियोगी प्रणित अपने घर से आई चिट्ठी पढ़ते हैं, जिससे उनकी आंखें नम हो जाती हैं। उन्हें देखकर गौरव खन्ना और कुनिका सदानंद भी भावुक हो जाती हैं। इसके बाद मृदुल अपने परिवार की चिट्ठी उठाते हैं, और उसे पढ़कर फूट-फूटकर रोने लगते हैं। प्रोमो देखने के बाद दर्शक भी एपिसोड देखने के लिए बेताब हो चुके हैं। बता दें कि इस हफ्ते 'बिग बॉस 19' से बेघर होने के लिए मृदुल, गौरव, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

## वीकेंड पर आया नया अपडेट, नजर आएंगे ये मेहमान



सलमान खान का रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी मालती चाहर के घर में आने के बाद से गेम और रोमांचक हो गया है। इस बीच वीकेंड का वार की शूटिंग और आने वाले मेहमान को लेकर ताजा अपडेट आ गया है। जाहिर है कि बिग बॉस के प्रशंसकों को वीकेंड का वार का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपडेट है कि ये एपिसोड शायद एक दिन पहले टेलीकास्ट हो जाए। अपडेट ये भी है कि दीपावली के कारण 'बिग बॉस 19' वीकेंड का वार 17 अक्टूबर को टेलीकास्ट हो सकता है। वीकेंड का वार में कोई न कोई सितारा आता ही है। पिछले हफ्ते कॉमेडियन रवि गुप्ता और जेमी लीवर आए थे। ताजा अपडेट है कि इस हफ्ते मशहूर गायक शान और जैस्मीन सैंडलस मेहमान बनकर शो में आएंगे। इसके अलावा आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी आगामी फिल्म 'थाम्मा' प्रमोट करने आएंगे। बता दें कि पिछले हफ्ते 'बिग बॉस 19' से जीशान कादरी बाहर हुए थे। इस हफ्ते गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, नीलम गिरी और मालती चाहर नॉमिनेट हैं।

# अगले 80 दिनों में दुनिया के बड़े कलाकार करेंगे दिल्ली में परफॉर्म



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने देशवासियों के साथ एक अहम जानकारी साझा की है, जिसके तहत देश की राजधानी को 'रचनात्मक राजधानी' बनाने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने ऐलान किया कि अगले 80 दिनों में राजधानी में दुनिया के कई बड़े कलाकार परफॉर्म करने वाले हैं। इसका मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को साकार करना और दिल्ली टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाना है।

***ये कलाकार दिल्ली में करेंगे परफॉर्म :*** कैबिनेट मंत्री मिश्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पंजाबी पॉप गायक एपी ढिल्लों, अमेरिकन रैपर एकॉन, कनाडाई गायिका जोनिता गांधी, संगीतकार राधिका दास, फुटबाल खिलाड़ी लियोनल मेसी समेत दुनियाभर से कई कलाकार आने वाले दिनों में दिल्ली आकर परफॉर्म करेंगे। ढिल्लों का कॉन्सर्ट दिल्ली आईजीआई स्टेडियम में आगामी 7 दिसंबर को होगा, जबकि एकॉन का कॉन्सर्ट जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 9 नवंबर और जोनिता का कॉन्सर्ट एनएसआई प्रदर्शनी ग्राउंड में 9 नवंबर को तय हुआ है।

# 'थामा' ने 'स्त्री 2' को छोड़ा पीछे

## आयुष्मान-रश्मिका पर लगा सबसे बड़ा दांव

**मुंबई।** दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' के ट्रेलर ने इसकी रिलीज को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ा दी थी। अब जबकि ये हॉरर कॉमेडी फिल्म रिलीज की राह पर चल पड़ी है तो सिनेप्रमियों की बेकरारी भी बढ़ती जा रही है। फिल्म पर नया अपडेट ये है कि 'थामा' मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक की सबसे महंगी फिल्म है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना पर कितने करोड़ रुपये का दांव लगा है, आइए जानें।

***145 करोड़ रुपए का दांव :*** मैडॉक के हॉरर यूनिवर्स की अब तक जितनी भी फिल्में आईं हैं, वो सभी कमाल की रही हैं। लोगों को वो फिल्में पसंद इसलिए भी आईं, क्योंकि वो सभी भारतीय मूल की कहानियों और दंत कथाओं पर आधारित थीं। अब 'थामा' आ रही है। बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित वीएफएक्स कंपनियों ने इस पर काम किया है। इस फिल्म पर निर्माताओं ने लगभग 145 करोड़ रुपये लगा लिए हैं। इसमें प्रिंट और प्रचार खर्च भी शामिल है।



### 'स्त्री 2' भी छूट गई पीछे

सूत्र से जानकारी मिली है कि 'थामा' राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर अभिनीत 'स्त्री 2' को पीछे छोड़ते हुए दिनेश विजान के हॉरर यूनिवर्स की सबसे महंगी फिल्म बन गई है। ब्लॉकबस्टर फिल्म 'स्त्री 2' का कुल बजट प्रिंट और प्रचार सहित 125 करोड़ रुपये था और अब निर्माता दिनेश विजान दर्शकों को और आकर्षित करने के लिए रश्मिका और आयुष्मान पर तगड़ा दांव लगा रहे हैं। 'थामा' की लागत 'स्त्री 2' के मुकाबले लगभग 20 करोड़ रुपये ज्यादा है।

## 'महावतार नरसिम्हा' ने भारत में 250.29 करोड़ रुपए कमाए थे

# आईएमडीबी पर छाईं इस साल आईं ये कन्नड़ फिल्में, एक ने हिला डाला 'सैयारा' का सिंहासन

*मुंबई। इन दिनों कन्नड़ सिनेमा से निकली 'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। रिलीज के पहले ही दिन से ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म के हीरो ऋषभ शेट्टी हैं। हिंदी भाषा में भी ये फिल्म जमकर कमाई कर रही है। देश के साथ-साथ विदेशों में भी सुनामी लेकर आई 'कांतारा चैप्टर 1' को इंटरनेट मूवी डाटाबेस पर भी शानदार रेटिंग मिली है। आइए जानें इस साल आईं किन कन्नड़ फिल्मों को सबसे ज्यादा रेटिंग मिली।*

### 'महावतार नरसिम्हा'

होम्बले फिल्म्स की 'महावतार नरसिम्हा' ने तो रिलीज होते ही इतिहास रच दिया था। शानदार विजुअल्स और दिलचस्प कहानी के साथ भारतीय संस्कृति की खूबसूरती को दिखाती इस फिल्म की गूंज न सिर्फ देश,बल्कि दुनियाभर में सुनाई दी। अश्विन कुमार के निर्देशन में बनी 5 भारतीय भाषाओं में रिलीज हुई इस एनिमेटेड फिल्म को आईएमडीबी पर 8.7 रेटिंग मिली है। 15 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 250.29 करोड़ रुपये कमाए थे।

### 'एलुमाले'

रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'एलुमाले' का निर्देशन पुनित रंगास्वामी ने किया और उन्होंने ही इस फिल्म की कहानी लिखी। राना, प्रियंका अचार और जगपति बाबू ने इस फिल्म में अहम भूमिका निभाई थी। 5 सितंबर को ये फिल्म सिनेमाघरों में आई थी। चार करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 5 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने भले ही औसत कमाई की, लेकिन आईएमडीबी पर इसे इस साल आईं सभी कन्नड़ फिल्मों में सबसे ज्यादा 9.2 रेटिंग मिली है।



### 'सू फ्रॉम सो'

'सू फ्रॉम सो' रिलीज के बाद सिनेमाघरों में छा गई थी। बंपर कमाई के साथ साल 2025 की सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाली फिल्मों में से एक बनी। जेपी थूमिनाड ने इसका निर्देशन किया और इसके लेखक भी वो ही हैं। बिना किसी शोर-शराबे के आई इस फिल्म को बनाने में बस 3 करोड़ रुपये लगे और इसने दुनियाभर में 121 करोड़ रुपये कमाए। आईएमडीबी पर इसे 7.7 रेटिंग मिली है। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'कांतारा चैप्टर 1'

'कांतारा चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। फिल्म आए दिन नए रिकॉर्ड बना रही है।

फिल्म 400 करोड़ क्लब से इंचभर दूर है। ये 'सैयारा' (329.2 करोड़), 'वॉर 2' (236.55 करोड़) और 'कुली' (285 करोड़) जैसी फिल्मों को पछाड़ चुकी है और अब 'कांतारा चैप्टर 1', 'छावा' के पीछे पड़ी है, जिसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 600 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म को आईएमडीबी पर 8.6 रेटिंग मिली है।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने धनतेरस पर 40 लाख कीमत के गुम मोबाइल उनके मालिकों को सौंपा

**सूरजपुर।** धनतेरस त्योहार के मौके पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने 40 लाख कीमत के 152 नग गुम हुए मोबाइल फोन को उनके मालिकों के सुपुर्द किया। यह कार्रवाई पुलिस के गुम मोबाइल ढूंढने और बरामद करने के प्रयासों का हिस्सा है, जिसमें जिले सहित विभिन्न राज्यों से भी मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। लोगों ने धनतेरस पर मोबाइल न सिर्फ खुश हुए बल्कि पुलिस के इस कार्य की काफी सराहना की। जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में डीआईजी व एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने धनतेरस के अवसर पर 40 लाख रुपये मूल्य के 152 गुम हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए हैं। यह कार्रवाई नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सायबर सेल व थानों की टीम ने तकनीकी विश्लेषण और पोर्टल का उपयोग कर मोबाइलों का पता लगाया और गुम मोबाइल रिकवर किया। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों को धनतेरस व दीपावली की बधाई देते हुए बताया कि इस वर्ष जिले में 450 से अधिक गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को लौटाए जा चुके हैं। इस अभियान में सायबर सेल व थाना-चौकी में गठित टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। उन्होंने नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय भी बताए। उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल और अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी। मोबाइल रिकवरी के इस अभियान में एसडीओपी अभिषेक पैंकरा, साइबर सेल प्रभारी राकेश यादव, आरक्षक युवराज यादव, पंकज आर्मो, दधिबल राय, कलेश्वर सहित थाना-चौकी स्तर पर गठित टीम के आरक्षकों ने सक्रियता पूर्वक कार्य किया है। इस दौरान डीएसपी रितेश चौधरी, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, निरीक्षक जावेद मियादांद मौजूद रहे।

### मारपीट से घायल युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** मारपीट से घायल हुए मंदबुद्धि युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। युवक को पहले दुकान संचालक ने चोरी का आरोप लगाकर डंडे से बेदम पिटाई की तो एक सप्ताह बाद एक युवक ने उसे फुटबॉल से मारा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम सारोडीह निवासी यशवंत तिर्की आ. बसील तिर्की (17 वर्ष) जो मंदबुद्धि था। 4 अक्टूबर को यशवंत के घर के समीप अंकित टोप्पो के दुकान का ताला तोड़ अज्ञात लोगों ने सामान पार दिया। इधर दूसरे दिन दुकान संचालक अंकित टोप्पो यशवंत के घर आया और यशवंत पर चोरी का आरोप लगाया कर चला गया। दो दिन बाद दुकान संचालक पूनः आया और पहले यशवंत की डंडे से बेदम पिटाई किया फिर गांव में पंचायत बुलाया जहां 1-1 हजार रूपए का जुर्माना देने के बाद यशवंत को छोड़ दिए।

## छग टीचर्स एसोसिएशन ने सीएम व शिक्षा मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण का दंश झेल रहे शिक्षकों की दीपावली फीकी : कमलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण का दंश झेल रहे शिक्षकों की दीपावली इस बार फीकी रह गई। अधिकारियों की लापरवाही और मनमानी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर छग टीचर्स एसोसिएशन के जिला प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षाधिकारी सरगुजा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एसोसिएशन सरगुजा जिला अध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिले मे हुए विसंगति पूर्ण युक्तियुक्त करण से प्रभावित शिक्षक जिन्होंने उच्च न्यायालय मे केस दर्ज कराया है, साथ ही संभागीय समिति ने उनके आवेदन को मान्य किया है।

विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण से पीड़ति शिक्षक पिछले 5 महीने से आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ति है। उनके विषय में सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए दीपावली त्यौहार के पूर्व उन्हें भी वेतन भुगतान करने की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से की गई है। साथ ही टेट की अनिवार्यता पर पुनर्विचार याचिका दायर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन, क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव व संचालक (लोक शिक्षण संचालनालय के नाम डीईओ सरगुजा को ज्ञापन सौंपा गया। कमलेश सिंह ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितम्बर 2025 को पारित निर्णय जिसमें 5 वर्ष अधिक सेवा वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 17 अगस्त 2012 को जारी छत्तीसगढ़ राजपत्र शिक्षक पंचायत संवर्ग भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2012 के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अनिवार्य किया गया है, इसके पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य नहीं था, अतः माननीय सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप/पुनर्विचार याचिका दायर कर 17 अगस्त 2012 के पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों के हितों की रक्षा करने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आवश्यक पहल किया जाए। पेंशन निर्धारण हेतु सेवा अवधि की गणना संविलियन 1 जुलाई 2018 से करने के कारण 2028 के पूर्व सेवानिवृत होने वाले एल बी संवर्ग के शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ नहीं मिल रहा है अतः पूर्व सेवा (प्रथम नियुक्ति) अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए पुरानी पेंशन निर्धारित किया जाए। भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 16 सितंबर 2009 को तथा उत्तराखंड सरकार द्वारा 29 अक्टूबर 2010 को आदेश जारी कर 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया गया है सेवानिवृत होने पर छत्तीसगढ़ में 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन का नियम है, अतः निवेदन है कि भारत सरकार, उत्तरप्रदेश एवं उत्तराखंड सरकार के समान 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा में पूर्ण पेंशन (अंतिम वेतन का 50%) का प्रावधान किया जाए। उच्च न्यायालय द्वारा याचिका में डबल बैंच द्वारा पारित निर्णय के तहत सभी पात्र एल बी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का जनरल आर्डर जारी किया जाए। इस दौरान काजेश घोष, सुरित राजवाड़े, नाज़मि खान, राकेश दुबे, अमित सोनी, लखन राजवाड़े, महेश यादव, सत्यप्रकाश, हरीश श्रीवास्तव, लीलाकरण सिंह, शचीन्द्र देव सहित अन्य मौजूद थे।



ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के सदस्य।

# रेड़ नदी में नहाने के दौरान डूबे युवक का तीसरे दिन शव हुआ बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

■ तीन दोस्तों के साथ गया था नहाने

बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरखनाथपुर से गुजरी रेड़ नदी में अपने तीन दोस्तों के साथ गुरुवार की दोपहर नहाने उतरे युवक का शव तीसरे दिन बरामद कर लिया गया है,पुलिस ने पीएम व पंचनामा कराने उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया है,नगर में दीपावली के पूर्व घटित घटना से परिवार में शोक व मातम का माहौल निर्मित हो गया है।

बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है,बताया गया कि टूए कॉलोनी समीप झोपड़पट्टी बस्ती निवासी युवक किशन यादव पिता राजकुमार यादव 19 वर्ष अपने तीन अन्य मित्रों संजय यादव,तारक दास व पुनीत यादव के साथ गुरुवार की दोपहर पार्टी मनाने गोरखनाथपुर फिल्टर प्लांट के समीप रेड़ नदी की तरफ गए थे,साथी दोस्तों ने बताया कि सभी दारू मुर्गा पार्टी के बाद स्नान करने नदी में उतरे थे,स्नान करने के बाद तीनों नदी से बाहर आ गए लेकिन किशन यादव 19 वर्ष का कुछ पता नहीं चला,कुछ देर बाद सभी घर लौट आए, जब किशन को घर वालों ने नहीं देखा तो उसके दोस्तों से उसके विषय में जानकारी ली तो उन्होंने किशन के घर वालों को बताया कि साथ में नदी में स्नान कर रहा था तब से वह बाहर नहीं निकला,किशन के नदी में डूबने की आशंका पर परिजन रात्रि में ही किशन के दोस्तों को लेकर बिश्रामपुर थाना पहुंचे,पुलिस ने तीनों से मामले को जाना और फिर रात में ही एसडीआरएफ टीम को सूचना देकर प्रातः घटना स्थल पर बुला लिया गया,शुक्रवार को दिन भर चले तलाशी अभियान के बाद कुछ पता नहीं लगने की स्थिति में आज शनिवार को एसडीआरएफ टीम को लेकर पुलिस घटना स्थल रेड़ नदी पर पुनः पहुंची,सुबह तड़के रेड़ नदी में एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया तो कुछ ही समय बाद रामनगर के मोहरा एनीकेट के पास झाड़ियों में कीचड़ से सने हालत में युवक का शव बरामद कर लिया गया है जिसके बाद पीएम व पंचनामा होने के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक शराब सेवन कर लेने के कारण युवक गहरे पानी ने डूब गया, पुलिस ने तीनों युवकों से पूछताछ करने व बयान दर्ज करने हेतु थाना बुलाया है, हर दृष्टिकोण से मामले की जांच की जा रही है।



शव निकालकर लाते लोग।

# खदान विस्तार को लेकर ग्रामीणों और कम्पनी के बीच बनी तनाव की स्थिति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की आमगांव खदान के विस्तार कार्य को लेकर शनिवार को ग्राम पटना में उस समय हंगामा मच गया जब प्रबंधन की ओर से भूमि पर कोयला उत्खनन की तैयारी के तहत पेड़-पौधों की कटाई शुरू की गई,जैसे ही मशीनें चलीं, ग्रामीणों ने विरोध कर हो हल्ला करना शुरू कर दिया,कुछ ही देर में ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच जोरदार नोकझोंक हो गई, जिससे मौके पर तनाव का माहौल बन गया,विवाद की सूचना मिलने पर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी भी मौके पर पहुंच ग्रामीणों तथा प्रबंधन दोनों पक्षों से बात कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया,दरअसल आमगांव खदान के विस्तार के लिए ग्राम पटना की लगभग 928 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है, यह भूमि 285 खातेदारों की थी,अधिग्रहण के एवज में 464 लोगों को रोजगार देने का वादा किया गया था, जिनमें से अब तक 120 लोगों को नौकरी दी जा चुकी है और लगभग 100 मामलों की प्रक्रिया जारी है,भूमि अधिग्रहण के समय 285 भू-स्वामी थे, परंतु मुआवजे के समय यह संख्या बढ़कर 358 हो गई, जिनके लिए 81 करोड़ रुपए का मुआवजा तय हुआ,अब तक 303 भू-स्वामियों को 71 करोड़ रुपए का भुगतान हो चुका है, जबकि 52 परिवारों का मुआवजा पारिवारिक विवादों और दस्तावेजी खामियों के कारण लंबित है,बताया जा रहा है कि शनिवार को जब एसईसीएल प्रबंधन ने खदान विस्तार कार्य के लिए पेड़ों की कटाई शुरू की, तो ग्रामीणों ने प्रबंधन पर बिना पूर्ण मुआवजा दिए जबरन उत्खनन कार्य शुरू कराए जाने को लेकर विरोध दर्ज कराया गया,ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मौके पर मौजूद त्रिपुरा बटालियन के जवानों ने महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की,जिससे आक्रोश और बढ़ गया,दूसरी ओर प्रबंधन से क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि ग्रामीण जानबूझकर कार्य में बाधा डाल रहे हैं और झूठे आरोप लगाकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।
























## खबर संक्षेप

### साइबर क्राइम जागरूकता अभियान का शुभारंभ

बीरमित्रपुर। साइबर अपराधों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को टाउन हाल में साइबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन एसडीपीओ सुशांत दास ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नागरिकों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी अंजान व्यक्ति से बैंक विवरण या ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में आईआईसी राम प्रसाद नाग ने जानकारी दी कि यह राज्यव्यापी अभियान 18 अक्टूबर से 17 नवंबर तक चलेगा। इस अवधि में विभिन्न विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और साइबर रथ पूरे राज्य में भ्रमण कर जनता को जागरूक करेगा।

### पिकनिक मनाने गए दो छात्रों की डूब कर मौत

राउरकेला। मस्ती भरा पिकनिक पल भर में मातम में बदल गया जब राउरकेला सेक्टर 20 इस्पात इंग्लिश स्कूल के दसवीं कर छात्र में से दो छात्र ओम सुना 16 वर्ष और अनुराग दास 16 वर्ष की बिरकेरा रांटो घाघरी झरने में डूबकर मौत हो गई। दोनों राउरकेला सेक्टर-20 स्थित इस्पात इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र थे। अन्य चार साथी अभिजीत हेंब्रम, सुमित कुमार अभिषेक साहू और प्रीतम हांसदा किसी तरह बच निकले। जानकारी के अनुसार छात्र शुक्रवार सुबह स्कूल जाने के बहाने घर से निकले और बाइक से बिरकेरा के घाघरी झरने पहुंचे। झरने में नहाते समय पहले अनुराग फिसलकर गहरे पानी में डूब गया। उसे बचाने के प्रयास में ओम भी पानी में कूद गया, लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद दोनों शवों को बांस की मदद से बाहर निकाला गया। ब्राह्मणीतरंग पुलिस ने शवों को राउरकेला सरकारी अस्पताल भेज दिया है। शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शवो को परिजनों को सौंप दिया।

### भीड़ में मोबाइल उड़ाने वाला शातिर गिरफ्तार

राउरकेला। धनतेरस की रौनक के बीच राउरकेला के डेली मार्केट क्षेत्र में शनिवार की शाम को एक शातिर जेबकतरा पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के अनुसार डेली मार्केट के राजस्थान सैलून के पास खरीदारी में व्यस्त एक ग्राहक की जेब से युवक ने मोबाइल फोन चुरा लिया। बगल में मौजूद एक व्यक्ति ने चोरी की यह हरकत देख ली और शोर मचा दिया। देखते ही देखते मौके पर भीड़ जुट गई और लोगों ने उच्चके को पकड़ लिया। भीड़ के उग्र होने से पहले ही मौके पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को अपने कब्जे में ले लिया। बाद में प्लांट साइट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि उक्त युवक ने इससे पहले मंगल भवन और आसपास के इलाके में भी लोगों को निशाना बनाने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा।

### मोबाइल व स्कूटी चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

राउरकेला। रघुनाथपाली थाना अंतर्गत 16 अक्टूबर की रात 8 बजे, राउरकेला के आरजीएच, बेड नंबर 29 से दो व्यक्तियों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना सामने आई। पुलिस ने त्वरित जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने ब्राह्मणितरंग क्षेत्र से स्कूटी भी चोरी की थी और उसे बेचने या अन्य झपटमारी के उद्देश्य से इस्तेमाल करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों मे सुमन खान 32, पिता हसीम खान, कुंभारपाड़ा, राउरकेला व मोहम्मद हबीब 31 पिता स्व. मोफिस, मेहताब रोड, राउरकेला शामिल हैं। इनसे एक काले रंग का रेडमी मोबाइल और एक सफेद रंग की एक्टिवा 6 स्कूटी रजिस्ट्रेशन ऑडी 16 एल 7278 जब्त की। आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा हैं।

## पेज 1 का शेष

### रंगोली से सजा...

विषय पर रंगोली बनाया गया जिसमें क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पीला ग्रुप लाल ग्रुप हर ग्रुप रहा। प्रतियोगिता को आगे बढ़ाते हुए कक्षा नवी एवं दसवीं के विद्यार्थियों में भारतीय परंपरा के विषय पर चित्रात्मक रंगोली रहा जिसमें प्रथम स्थान हरा ग्रुप, द्वितीय स्थान पीला ग्रुप, तृतीय स्थान लाल ग्रुप रहा। कुल मिलाकर इन चारों ग्रुप में प्रथम स्थान लाल ग्रुप, द्वितीय स्थान नीला ग्रुप, तृतीय स्थान हरा ग्रुप एवं चौथे नंबर पर पीला ग्रुप रहा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय में उपस्थित निर्णय कर्ता के रूप में सिस्टर पुष्पा, ब्रदर निलेश एवं श्री अक्षत तिग्गा रहे। प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मिस करुणा टोप्पो, मिस पुण्य, मिस स्नेहा, मिस अनुकंपा, मिस उमा, मिस विनीता, भूपेंद्र चक्रेश, अश्विन लकड़ा, सचिन केरकेट्टा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

एक ही कमरे में संचालित होती है तीन कक्षाएं, संकट में बच्चों का भविष्य

# पतरापाली के जर्जर स्कूल में न बाथरूम और ना ही क्लासरूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर सामने आई है। पतरापाली पूर्व स्थित प्राथमिक शाला बदहाली के दौर से गुजर रहा है। इस स्कूल में न तो बच्चों के लिए बाथरूम की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त क्लासरूम हैं। जिससे बच्चों का भविष्य संकट में नजर आ रहा है।

पतरापाली पूर्व गांव का प्राथमिक शाला आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां पढ़ने वाले बच्चों के लिए बाथरूम की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ती है। स्कूल में एक ही कमरे में तीन-तीन कक्षाएं संचालित होती हैं। इसके अलावा यहां की दीवारें पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं, जिससे बारिश में छत से पानी टपकता है। इससे बच्चों और शिक्षकों दोनों को असुविधा होती है। जर्जर दीवारें कभी भी हादसे का कारण बन सकती हैं। गांव के लोगों और अभिभावकों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ऐसे में बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

डीईओ को ज्ञापन देने पहुंचे पतरापाली पूर्व निवासी नवदीप सिंह चंदेल ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। एक कमरे में तीन-तीन क्लास चल रही है। न बाथरूम की व्यवस्था है और न ही स्कूल में किसी प्रकार की सुविधा है। इस जर्जर भवन में काम चल रहा था, जोकि तीन से बंद हो चुका है। जिला शिक्षाधिकारी के पास आए थे तो उन्होंने आश्वासन दिया है कि कल से काम शुरू हो जाएगा।

**भवन की सूची मंगाए हैं**

कलेक्टर द्वारा शिक्षा विभाग की समीक्षा की गई है। ऐसे जो जर्जर स्कूल हैं इसके लिए हमनें आरईएस से एक स्टीमेट मांगा है। वैसे 18 तारीख को शिक्षा मंत्री इस संबंध में रायपुर में बैठक लिए थे। जितने भी जर्जर भवन, नए भवन और रिपेयरिंग लायक भवन हैं उनकी सूची मंगाए हैं, उनको उपलब्ध कराएंगे।

-केवी राव, डीईओ, रायगढ़

# उद्योगपति ने फर्जी दस्तावेज के सहारे रिश्तेदार को लगाया साढ़े 4 करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



- पूंजीपथरा पुलिस ने उद्योगपति व उसके दो बेटों के खिलाफ दर्ज किया मामला

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक उद्योगपति ने फर्जी दस्तावेज के सहारे अपने ही रिश्तेदार को साढ़े 4 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी व उसके बेटों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

जानकारी के अनुसार सुरजपुर के केतका रोड के रहने वाले 56 वर्षीय अजय अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी हरविलास अग्रवाल 58 वर्ष और उसके दो बेटे प्रणव अग्रवाल और आयुष अग्रवाल ने मिलकर बांकी बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के शेयरों को फर्जी तरीके से अपने नाम ट्रांसफर करवा लिया है। जबकि श्री बांके बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड पारिवारिक कंपनी है। पीड़ित अजय अग्रवाल ने बताया कि इस कंपनी के शेयर 10 रुपए प्रति शेयर की कीमत पर 21 मार्च 2005 से 31 मार्च 2023 के बीच खरीदे थे। उन्होंने कुल 28 शेयर सर्टिफिकेट लिए थे, जिनकी मौजूदा कीमत करीब साढ़े चार करोड़ रुपए है। अजय का आरोप है कि हरविलास अग्रवाल और उसके दोनों बेटे आयुष अग्रवाल और प्रणव अग्रवाल ने मिलकर धोखाधड़ी की है। उन्होंने एक फर्जी दस्तावेज तैयार किया और 16 मई 2024 को 100 रुपए के स्टांप पेपर पर एक नकली गिफ्ट डीड (शेयर ट्रांसफर डीड) बनवाई। इस गिफ्ट डीड को असली दिखाने के लिए उस पर अजय अग्रवाल के फर्जी हस्ताक्षर भी कर दिए गए। पीड़ित अजय अग्रवाल ने रिपोर्ट में बताया कि जिस दिन उसके नाम से स्टांप पेपर खरीदा गया, उस दिन वह रायगढ़ में मौजूद ही नहीं थे। उसका आरोप है कि हरविलास अग्रवाल और उसके बेटों ने फर्जी गिफ्ट डीड बनवाकर उसे नोटरी से सत्यापित भी करवा लिया। जबकि गिफ्ट डीड को केवल रजिस्ट्रार ही वैध रूप से निष्पादित कर सकता है, नोटरी को इसकी अनुमति नहीं होती।

दूसरे से ठगी की मिली जानकारी -करीब दो हफ्ते पहले ओडिशा के एक पहचान वाले वकील ने अजय अग्रवाल से यह पूछताछ की कि क्या उसने श्री बांके बिहारी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के शेयर हरविलास अग्रवाल को दानपत्र (गिफ्ट डीड) के जरिए ट्रांसफर कर दिए हैं। यह सुनकर अजय हैरान रह गया। उसने साफ कहा कि उसने कभी भी अपने शेयर हरविलास के नाम नहीं किए हैं। तभी उसे इस धोखाधड़ी की जानकारी मिली। इसके बाद उसने पूंजीपथरा थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हरविलास अग्रवाल और उसके दोनों बेटों आयुष अग्रवाल और प्रणव अग्रवाल के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## डीईओ डहरिया का भिनोदा स्कूल में औचक निरीक्षण

- डीईओ ने शिक्षा सुधार के प्रति दिखाया सख्त रुख और संवेदनशील दृष्टिकोण

सारंगढ़। शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर निरंतर सक्रिय जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने ग्राम पंचायत भिनोदा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। भिनोदा पहुंचने पर उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सीधे संवाद किया और उनकी शैक्षणिक समझ व पठन पाठन स्तर की परख की। कमजोर छात्रों के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त कक्षा लेने के निर्देश दिए ताकि किसी भी बच्चे की शिक्षा प्रभावित न हो।

निरीक्षण के दौरान जर्जर भवन की स्थिति देखकर उन्होंने तत्काल उन कक्षाओं में बच्चों को न बैठाने के निर्देश दिए और भवन मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया। डीईओ ने मिडिल स्कूल में दो शिक्षकों के एक साथ अवकाश पर रहने एवं एक शिक्षक के देर से आने पर नाराजगी जताते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जो शिक्षक और शिक्षिकाएं समर्पण के साथ उत्कृष्ट शिक्षण कार्य कर रहे थे, उनकी खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अच्छे शिक्षक ही मजबूत समाज की नींव होते हैं।निरीक्षण के दौरान उनके साथ ग्राम पंचायत भिनोदा के सरपंच ब्रिज किशोर अजगल्ले भी मौजूद थे। डीईओ ने सरपंच व ग्रामीणों द्वारा स्कूल में निजी शिक्षक की व्यवस्था करने की सराहना करते हुए कहा कि शिभनोदा ग्राम ने शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय पहल की है। अंत में उन्होंने सरपंच अजगल्ले को कहा कि विद्यालय की सतत निगरानी करें और यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई जाए तो तुरंत सूचना दें। डीईओ के इस निरीक्षण से एक बार फिर यह संदेश स्पष्ट हुआ कि वे जिले में शिक्षा के स्तर को ऊँचाई तक पहुंचाने के लिए न केवल कठोर अधिकारी हैं बल्कि संवेदनशील शिक्षा सेवक भी हैं।

## धनतेरस पर शहर के बाजारों में उमड़ी भीड़

### सोना, चांदी, बर्तन व पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी



राउरकेला। पवित्र धनतेरस और दीपावली पर्व पर शनिवार को राउरकेला के बाजारों में उत्सव का उल्लास चरम पर रहा। लक्ष्मी पूजन से जुड़े इस शुभ दिन पर सुबह से ही शहर के मुख्य बाजारों डेली मार्केट, जावेरी बाजार, ट्रैफिक मार्केट, बसंती मार्केट, छेंड मार्केट, पनपोष, इस्पात मार्केट और गजपति मार्केट में ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

वहीं ट्रैफ़कि कंट्रोल के नाम पर डिलक्स गली के सामने बेरिकेट लगा देने से जावेरी बाज़ार से लेकर डेली मार्केट तक बड़े ग्राहकों को आने में भारी दिक्क़त होने से यहां के व्यवसायियों में असंतोष देखा गया। इस बीच लोगों ने पारंपरिक मान्यता के अनुसार सोना.चांदी, बर्तन, झाड़, दीपक, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां और पूजा सामग्री की खरीदारी कर मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सोना और चांदी की दुकानों पर विशेष भीड़ देखी गई, जहां लोगों ने शुभ मुहुर्त में आभूषण और सिक्के खरीदे। वहीं बर्तन, कपड़ा, बिजली सजावट और मिठाई दुकानों पर भी खरीददारों का तांता लगा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोग धान की पूजन सामग्री और मिट्टी के दीपक बेचते दिखे, जिससे बाजार का दृश्य पारंपरिक और जीवंत हो उठा। तीन दिन तक चलने वाले दीपावली पर्व को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने विशेष इंतज़ाम किए हैं। मुख्य मार्गों और चौक-चौराहों पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई है ताकि भीड़ और जाम की स्थिति पर नियंत्रण की जा सके, लेकिन डिलक्स गली के सामने बेरिकेट लगाने से भारी परेशानी हुई। धनतेरस की इस रौनक ने पूरे शहर में समृद्धि और शुभता का वातावरण बना दिया है।



## गर्म राख से झुलस कर श्रमिक की मौत मामले में अग्रोहा स्टील के प्रबंधक पर केस दर्ज

रायगढ़। पिछले महीने अग्रोहा स्टील में एक मजदूर की हादसे में मौत के बाद औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग ने जांच की थी। कारखाना प्रबंधन की लापरवाही और नियमों के उल्लंघन पर श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दायर किया गया है।

दरअसल 24 सितंबर को अग्रोहा स्टील एंड पावर में एक मजदूर पर गर्म राख गिरने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। चंवरपुर, लैलूंगा का रहने वाला उमेश महज 19 साल का था और तीन माह पहले ही अग्रोहा स्टील में काम करने आया था। किसी भी तरह का कोई प्रशिक्षण उसे नहीं दिया गया था और खतरनाक काम में उसको लगाया गया था। राख खाली करने के दौरान उसी के ऊपर राख गिरी जिससे झुलसकर उमेश की मौत हो गई। हादसे की जांच करने के बाद आईएचएसडी उप संचालक राहुल पटेल ने पाया कि इसमें श्रमिक के अधिभोगी उत्तम कुमार अग्रवाल और कारखाना प्रबंधक वीर विक्रम सिंह ने लापरवाही और नियमों का उल्लंघन किया है। दोनों के खिलाफ श्रम न्यायालय में कारखाना अधिनियम 1948 संशोधित 1987 की धारा के उल्लंघन पर श्रम न्यायालय में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है।

## सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने प्रतिभागी 27 तक कर सकते है पंजीयन



रायगढ़। युवाओं के खेल कौशल को मंच देने और फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन इस वर्ष 25 दिसंबर तक किया जाएगा। यह आयोजन ग्रामीण स्तर से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाईन पोर्टल पर लॉग इन कर अपने पसंदीदा खेल का चयन करते हुए 27 अक्टूबर तक अपना पंजीयन कर सकते है।

डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि युवा प्रतिभागियों को खेल के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने, ग्रामीण और शहरी स्तर पर खेल संस्कृति विकसित करने एवं फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत व्यक्तिगत खेल के तहत 100 मीटर दौड़, लम्बीकूद, 800 मीटर दौड़, बैडमिंटन, फुगड़ी तथा गेड़ी दौड़ को शामिल किया गया है एवं दलीय खेल के तहत व्हालीबॉल, कबड्डी, खोखो, रस्साकसी आदि खेल सम्मिलित है। व्यक्तिगत खेलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन 2 वर्गों में 15 से 20 वर्ष तथा 21 से 35 वर्ष तथा दलीय खेलों में 15 से 35 वर्ष तक के खिलाडियों के मध्य आयोजित होगा।

### उर्वरक नमूना मिला अमानक, प्रतिबंध

रायगढ़। जिले में किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से रायगढ़ जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में उर्वरक निरीक्षक अभिषेक पटेल द्वारा लिए गए एक उर्वरक नमूने के अमानक पाए जाने पर संबंधित उर्वरक के भंडारण एवं वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड रायगढ़ में कार्यरत उर्वरक निरीक्षक श्री पटेल द्वारा नामक उर्वरक का विगत माह नमूना लिया गया था, जिसे जांच के लिए उर्वरक गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, लाभांडी रायपुर भेजा गया। यह उर्वरक आलविन इंडस्ट्रीज धार मध्यप्रदेश द्वारा निर्मित किया गया है। जांच के उपरांत प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट में यह नमूना अमानक घोषित किया गया है।

## प्लेस ऑफ सेफ्टी में मिली आपत्तिजनक सामग्री



- तड़के पुलिस की छापेमारी में मादक पदार्थ, कैंची, चाकू बरामद

राउरकेला। राउरकेला जेल परिसर स्थित राज्य के एकमात्र प्लेस ऑफ सेफ्टी यानी सुरक्षित आश्रय स्थल में शनिवार की अहले सुबह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए औचक छापेमारी की।

यह अभियान पानपोष एसडीपीओ रश्मि रंजन महापात्र और थाना प्रभारी राजेंद्र स्वाई के नेतृत्व में चलाया गया, जिसमें एग्जिक्यूटिव मजिस्ट्रेट विकास भुई भी उपस्थित थे। सुबह करीब पांच बजे शुरू हुई यह कार्रवाई लगभग तीन घंटे तक चली। तलाशी के दौरान पुलिस टीम को कई आपत्तिजनक वस्तुएं मिलीं, जिनमें बीड़ी, तम्बाकू, गांजा, कैंची, चाकू, हुक्का के सामान सहित अन्य सामग्री शामिल हैं। सभी वस्तुओं को जब्त कर पुलिस ने आगे की जांच प्रारंभ कर दी है। एसडीपीओ रश्मि रंजन महापात्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की प्लेस ऑफ सेफ्टी में इस तरह की सामग्रियों के इस्तेमाल बंदियों द्वारा किये जाने की सूचना पर यह कार्यवाई की गई है। गौरतलब है कि राउरकेला जेल रोड स्थित यह केंद्र बाल अपराधियों के पुनर्वास हेतु संचालित किया जाता है। हाल के दिनों में यहा झगड़े और अनुशासनहीनता की शिकायतें मिल रही थीं। सूत्रों के अनुसार, हालिया झगड़े में शामिल दो बालकों को राउरकेला स्वतंत्र जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है और उच्च अधिकारियों ने इस पूरे प्रकरण पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी व विक्रय किया जाएगा

## जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल, तमनार ने किया दीपावली बाजार का शुभारंभ




तमनार। जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल, तमनार द्वारा महिला स्व सहायता समूह व हस्तशिल्पियों के सर्वांगीण विकास एवं आर्थिक उन्नयन को सुनिश्चतता उनके द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन व बाजार प्रदान करने हेतु दिवाली बाजार 2025 का भव्य आयोजन किया गया।

जिंदल फाउण्डेशन तमनार द्वारा गठित स्व सहायता समूह के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शिनी सह विक्रय हेतु उपलब्ध कराया गया है। जिससे विभिन्न ग्रामों के महिला स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित मिट्टी के दीए, मोमबत्तियां, मिट्टी निर्मित कला कृतियां टेराकोटा, साज सज्जा की वस्तुएँ हस्तनिर्मित गृह सज्जा सामग्री, विभिन्न देशी पकवान देशी बड़ा, भजियां लिटी चोखा, मिठाइयाँ एवं अन्य त्योहारी उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई है। बाजार में ग्रामीण उत्पादों को सभी ने खूब सराहा तथा स्थानीय उत्पादों की बिक्री से महिला समूहों को आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ।

दिवाली बाजार का शुभारंभ जी वेंकट रेड्डी, कार्यपालन निदेशक, संयंत्र प्रमुख जेपीएल तमनार के मुख्य आतिथ्य एवं ऋषिकेश शर्मा, विभागाध्यक्ष, सीएसआर, राजेश रावत, सहायक महाप्रबंधक, श्रीमती शीतल पटेल, प्रबंधक, प्रिंट व इलेक्ट्रानिकस मीडिया के पत्रकार एवं कलाप्रेमी क्षेत्रवासियों के उपस्थिति में फीता काटकर व दीप प्रज्वलन कर किया। दिवाली बाजार 2025 के आयोजन के उद्देश्यों पर परिचर्चा करते हुए प्रथमतया ऋषिकेश शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय महिला समूहों के उत्पादों को प्रोत्साहन, बाजार उपलब्धता एवं प्रचार प्रसार कर उनका आर्थिक उन्मुखीकरण प्रमुख है। वहीं मुख्य अतिथि जी वेंकट रेड्डी ने महिला स्व सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शित विभिन्न उत्पादों के स्टाल का अवलोकन कर उत्पादों की प्रसंशा करते हुए कहा कि दिवाली बाजार 2025 का आयोजन क्षेत्र के परिश्रमी महिला स्व सहायता समूह की बहनों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर उन्हें व उनके परिवार को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सुसम्पन्न बनाना है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं समूह के उत्पादों को प्रोत्साहन व प्रचार प्रसार होता है। ज्ञातव्य हो कि मेला में बच्चों के मनोरंजन के लिए झुलों व पारम्परिक दक्षिण भारतीय, झारखण्डी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी, उड़यि एवं चायनीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए हैं।

जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। इस दौरान प्रबुद्ध नागरिक, बच्चे ग्रामीण माताएं बहनों एवं प्रिंट व इलेक्ट्रानिकस मीडिया के पत्रकारों के गरीमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। वहीं कार्यक्रम के आयोजन में टीम सीएसआर की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं।

### नशे के विरुद्ध जागरुकता रैली

जांजगीर-चांपा। आबकारी वृत्त सक्ती के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जामपाली थाना सक्ति में महिला समूह के द्वारा लगातार नशे के विरुद्ध जन जागृति अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम में रैली निकालकर अवैध रूप से शराब कारोबार में लिप्त व्यक्तियों को समझाइश दी गई। मना करने के बावजूद कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं किया गया है।

चेहरे की चर्बी घटायें

चेहरे की झुर्रियां व चर्बी का वेजर द्वारा ईलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- [+5% GST]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411